# गंदगी फैलाने वाले 30 व्यापारियों पर लगाया जुर्माना

भास्कर संवाददाता | रतलाम

17-7-2021

गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ नगर निगम जुर्माने की कार्रवाई निरंतर कर रहा है।

शनिवार को भी अमले ने बाजारों में अभियान चलाया और गंदगी फैलाने वाले व्यापारियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। 30 व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे 50 रुपए से लेकर 500 रुपए तक जुर्माना वसूल किया गया।

यह जुर्माना प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान ने किया है। गंदगी व मलबा फैलाने के साथ ही अतिक्रमण करने पर संबंधितों पर जुर्माना भी किया जा रहा है। शुक्रवार रात निगम अमले ने माणकचौक इलाके में कार्रवाई करते हुए यहां से से अस्थायी अतिक्रमण हटाया था।

## 555 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

# तैयारी: सोमवार से शहरी सड़क पर आए मवेशी तो लगेगा जुर्माना

रतलाम. शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 16 जनवरी तक 555 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया है। सोमवार से सड़क पर मवेशी मिलने पर उसको तो गौशाला में भेजा ही जाएगा जिसका मवेशी होगा पांच हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला जाएगा।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व प्रशासक गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 16 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 555 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान अंतर्गत प्रतिदिन पांच मवेशी पकड़े जा रहे हैं। अब इसमें बदलाव सोमवार से हो रहा है।

**यह बदलाव होगा सोमवार से**

अब तक निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैटल क्रेचर मशीन से प्रतिदिन पांच मवेशी पकड़ने का अभियान चल रहा है। निगम ने लक्ष्य बनाया है कि 20 दिन में कम से कम 100 मवेशी पकड़ने हैं। अब तक मवेशी पकड़ने के बाद इनको गौशाला भेजा जाता रहा है व जिनके मवेशी होते थे वे उसको गौशाला में दंड भरकर अपने मवेशी को ले जाते थे। अब इसमें बदलाव हो रहा है। सोमवार से मवेशी सड़क पर मिला तो मवेशी मालिक पर पांच हजार रुपए दंड लगाया जाएगा इसके बाद ही मवेशी को छोड़ा जाएगा।

अब तक मवेशी पालक का मवेशी पकड़ककर गौशाला में न्यूनतम दंड लगता था। अब सोमवार से मवेशी मिलने पर कम से कम पांच हजार रुपए का दंड लगाया जाएगा। - **एपीसिंह**, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम

---

**554 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा**

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 554 मवेशियों को पकड़ा जा चुका है। शनिवार को दीनदयाल नगर व डाट की पुल से पांच मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

---

# स्वच्छंद विचरण करने वाले 549 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 15 जनवरी तक 549 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 15 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 549 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 15 जनवरी को दीनदयाल नगर, ओसवाल नगर व सैफी नगर से 5 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ी जायेगी इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है।

## मास्क नहीं तो लगा रहे जुर्माना

रतलाम. नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना की वैक्सीन आने के बाद अब मास्क नहीं लगाने वालों के खिलाफ अपना अभियान और तेज कर दिया है। इसके अलावा शहर में गंदगी करने वालों के पर भी जुर्माना लगाया जा रहा है। शनिवार को निगम के अमले ने गंदगी करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 10 से अधिक लोगों पर जुर्माना किया है, जबकि शुक्रवार को गंदगी करने वाले 13 लोगों के खिलाफ जुर्माना किया गया था। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान जारी रहेगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार—दैनिक भास्कर—पृष्ठ .15....दिनांक.17.1.......2021

## संबल योजना में 19 जनवरी को बंटेगी सहायता राशि

17-1-2021

रतलाम। संबल योजना में 19 जनवरी को अनुग्रह सहायता राशि बांटी जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान दोपहर 3 बजे भोपाल के मिंटो हॉल से प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। जहां से एक क्लिक पर डीबीटी के माध्यम से राशि सीधे खातों में पहुंचाई जाएगी। मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सीहोर में भी होगा।

## नगरीय प्रशासन द्वारा निकायों के बकाया बिजली बिल के लिए 50 करोड़ का भुगतान

भोपाल, (प्रसं)। नगरीय निकायों के लंबित विद्युत देयकों के भुगतान के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा विद्युत वितरण कंपनियों को 50 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 9 करोड़ 53 लाख 69 हजार रुपए, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 21 करोड़ 45 लाख 67 हजार और मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 19 करोड़ 64 हजार रुपए का भुगतान किया गया है।

17-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ ...6... दिनांक ..17-1.......2021

# तूलिका और रंगों से बच्चों ने सुंदर शहर की कल्पना को कागज पर उकेरा, मिले इनाम

### 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, विजेताओं को किया पुरस्कृत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

17-1-2021

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत सागोद रोड स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में भाषण और चित्रकला स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इसमें सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमावत व स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में हुई स्पर्धा में 100 ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अपनी बात कही और चित्र बनाए। बेहतर प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को निगम आयुक्त व स्कूल स्टाफ ने पुरस्कृत भी किया।



सागोद रोड स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए अतिथिगण।

### प्रतियोगिता में ये रहे विजेता

भाषण स्पर्धा में प्रथम छात्रा अनुजा दीक्षित, द्वितीय निर्जला गौड़, तृतीय तरन्नुम मेव रही और प्रोत्साहन पुरस्कार सुमित सोलंकी को दिया। चित्रकला स्पर्धा में प्रथम कोमल, द्वितीय पलक कुमावत, तृतीय वंदना सोनावा और प्रोत्साहन पुरस्कार हर्षिता मुनिया को दिया गया।

### विभिन्न स्पर्धा में ये रहे निर्णायक

चित्रकला स्पर्धा के निर्णायक के रूप में यहां सीमा अग्निहोत्री, मंजू गुप्ता, वंदना नाहटा रहीं। भाषण स्पर्धा के निर्णायक पूर्णिमा शर्मा, सुनील कदम और चंचल जायसवाल रहीं। स्वच्छता कार्ययोजना प्रभारी गिरीश सारस्वत, स्कूल स्टाफ आशा शक्तावत, रीना कोठारी और हरीश रत्नावत सहित अन्य मौजूद रहे।

# सफाई ऐसी हो कि इंदौर की झलक नजर आए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

1-7-2021

सीएम शिवराज सिंह चौहान के आगामी दिनों में प्रस्तावित दौरे को लेकर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आयुक्त ने कहा कि सीएम का दौरा आगामी दिनों में होने वाला है। इससे हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल, मार्गों में साफ सफाई शुरू कर दी जाए। वहीं सड़कों की मरम्मत शुरू की जाए।

शहर के प्रवेश मार्गों पर भी प्रतिदिन सफाई की जाए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत संपूर्ण शहर में सफाई का कार्य वृहद स्तर पर किया जाए ताकि रतलाम स्वच्छता के क्षेत्र में नंबर वन आ सके। शहर में सफाई ऐसी होनी चाहिए कि रतलाम में इंदौर की झलक दिखाई दे। इस कार्य में निगम के सभी कर्मचारियों को पुरी ताकत लगाना होगी और लोगों को भी जागरूक करना होगा। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सिटी इंजीनियर एससी व्यास, जीके जायसवाल, निगम सचिव जसवंत जोशी, प्रकाश विभाग प्रभारी एमके जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## आयुक्त ने रात में चल रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने रात में चल रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षक के दौरान उन्होंने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से 4 कचरा पात्र रखें व पृथक-पृथक कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालें। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों के अंदर ही व्यापार करना सुनिश्चित करें दुकानों के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण ना करें।

### सीसीटीवी से गंदगी करने वालो पर रखी जा रही है निगरानी

# गंदगी व अतिक्रमण करने पर 13 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रुम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार माहेश्वरी मेडिकल ऐजेन्सी नाहरपुरा पर 2000, विनायक इन्टरप्राईजेस, राजेश माहेश्वरी नाहरपुरा, आदेश्वर सेल्स एजेन्सी पूर्णेश्वर मंदिर पर 500-500, कुतुबउद्दीन मिर्ची गली पर 300, उस्मान भाई, नीरज मसाला पर 250-250, समीरउल्ला खां महू नीमच रोड पर 200, विजय, दीपक माणक चौक, भेरूसिंह, बाबुलाल महू रोड बस स्टैण्ड व रामप्रसाद पूर्णेश्वर मंदिर पर 100-100 रुपये का स्पॉट फाईन किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़ा, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरुद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# सीएम के दौरे को लेकर तैयारियों का जायजा लिया

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 17-1-2021

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगामी दिनों प्रस्तावित रतलाम भ्रमण के दृष्टिगत कलेक्टर गोपालचंद्र डाड तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।



## भ्रमण मार्ग का जायजा लिया

कलेक्टर श्री डाड ने डोसी गांव पहुंच कर पीएम आवास निरीक्षण किए गए अन्य तैयारियों को देखा इसके अलावा पलसोड़ा भी पहुंचे रतलाम में डॉ.अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड एवं कालिका माता परिसर भी पहुंचे इस दौरान उनके द्वारा सभा स्थल एवं भ्रमण मार्ग का जायजा लिया गया अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा भी तय की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एस.डी.एम.अभिशे गेहलोत, आर.आई., कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के.जायसवाल, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगामी दिनों प्रस्तावित रतलाम भ्रमण को लेकर कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री डाड ने डोसी गांव पहुंच कर पीएम आवास निरीक्षण किए गए अन्य तैयारियों को देखा, इसके अलावा पलसोड़ा भी पहुंचे। रतलाम में डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड एवं कालिका माता परिसर भी पहुंचे। इस दौरान उनके द्वारा सभा स्थल एवं भ्रमण मार्ग का जायजा लिया गया। अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा भी तय की गई।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम अभिशेक गेहलोत, आर.आई., कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर उपस्थित थे।

दबंग दुनिया
17-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ ..8.... दिनांक 1-7-1 ......2021

# निगम कर्मचारियों को यूनिफार्म वितरित की

राज 1-7-2021



रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार निगम कर्मचारियों को ड्रेस (यूनिफार्म) वितरण की गई। निगम आयुक्त ने बताया कि शासन द्वारा नगर निगम के समस्त कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस कोड में अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है जिसके तहत निगम के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी व सफाई संरक्षकों को ड्रेस का वितरण निगम द्वारा किया जा रहा है। निगम सभागृह में झोन क्रमांक 1 व 2 के सफाई संरक्षकों को स्वेटर का वितरण किया गया साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग के 20 फायर बिग्रेड विभाग के 21 कर्मचारियों को ड्रेस का वितरण किया गया।

# स्कूली बच्चों ने पेंटिंग और भाषण से बताया स्वच्छता का महत्व




छात्रा को पुरस्कृत करते हुए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया। •नईदुनिया 17-1-2021



उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। •नईदुनिया

**रतलाम।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी क्या सिर्फ सफाई संरक्षकों की ही है। इस काम में हर नागरिक विशेषकर युवाओं को बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाना चाहिए। हर छात्र-छात्रा ये संकल्प लें कि हम अपने-अपने क्षेत्र को साफ सुथरा रखने का प्रयास करेंगे और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। ताकि रतलाम नगर स्वच्छता की दौड़ में देश में प्रथम स्थान पर आए।

यह बात स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर के सागोद रोड स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में स्वच्छता पर आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं के दौरान छात्र-छात्राओं ने कही। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह व उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमावत व स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता में 100 अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। संचालन स्कूल के स्वच्छता कार्ययोजना प्रभारी गिरीश सारस्वत ने किया।

निगम आयुक्त ने कहा कि जिस तरह रतलाम सेव, साड़ी और सोने के लिए संसार भर में अपना एक अलग मुकाम रखता है, उसी तरह रतलाम सफाई के मामले में भी देश में अपनी अलग पहचान बनाए। स्कूल प्राचार्य सुभाष कुमावत ने स्वच्छता को लेकर स्कूल में संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को स्कूल को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने का आव्हान किया।

### इस तरह रहे परिणाम

भाषण प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार छात्रा अनुजा दीक्षित, द्वितीय निर्जला गौड, तृतीय तरन्नुम मेव को दिया गया। प्रोत्साहन पुरस्कार सुमित सोलंकी को दिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार छात्रा कोमल, दूसरा पलक कुमावत व तीसरा पुरस्कार वंदना सोनावा व प्रोत्साहन पुरस्कार हर्षिता मुनिया को दिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप मे सीमा अग्निहोत्री, मंजू गुप्ता और वंदना नाहटा व भाषण प्रतियोगिता मे पूर्णिमा शर्मा, सुनील कदम और चंचल जायसवाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल स्टाफ से आशा शक्तावत, रीना कोठारी व हरीश रूनवाल मौजूद थे।

### आकर्षक रंगोली से दिया स्वच्छता का संदेश

सफाई मित्र समूह द्वारा आयोजित इन स्पर्धाओं के दौरान स्कूल परिसर में स्वच्छता का संदेश देने वाली रंगोलियों का भी निर्माण किया गया।

## निगम आयुक्त ने बच्चों को पुरुस्कृत किया

पत्रिका 17-1-2021

**रतलाम.** जहां स्वच्छता है वहां पवित्रता है और जहां पवित्रता है वहां देवत्व का वास होता है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी क्या सिर्फ सफाई संरक्षकों की ही है। इस काम में हर नागरिक विशेषकर युवाओं को बढचढ कर भागीदारी निभाना चाहिए। उक्त विचार स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर के सागोद रोड स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं के दौरान शनिवार को सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह व उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमावत व स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता में 100 अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अपने विचार रखे व चित्र बनाए। इस मौके पर बेहतर प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को निगम आयुक्त व स्कूल स्टाफ ने पुरुस्कृत भी किया। कार्यर म का संचालन स्कूल के स्वच्छता कार्ययोजना प्रभारी गिरीश सारस्वत ने किया। स्कूल प्राचार्य सुभाष कुमावत ने स्वच्छता को लेकर स्कूल में संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को स्कूल को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने का आव्हान किया।

पत्रिका
17-1-2021

## मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत कलेक्टर, एसपी व निगम आयुक्त ने निरीक्षण किया



रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगामी दिनों प्रस्तावित रतलाम भ्रमण के दृष्टिगत कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री डाड ने डोसी गांव पहुंच कर पीएम आवास निरीक्षण किए गए अन्य तैयारियों को देखा इसके अलावा पलसोड़ा भी पहुंचे रतलाम में डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड एवं कालिका माता परिसर भी पहुंचे। इस दौरान उनके द्वारा सभा स्थल एवं भ्रमण मार्ग का जायजा लिया गया अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा भी तय की गई। उक्त अवसरो पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एस.डी.एम. अभिशे गेहलोत, आर.आई., कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत कलेक्टर,एसपी व निगम आयुक्त ने निरीक्षण किया

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के आगामी दिनों प्रस्तावित रतलाम भ्रमण के दृष्टिगत कलेक्टर श्री गोपाल चंद्र डाड तथा पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, जिला एवं पुलिस प्रषासन के अधिकारियों द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।


कलेक्टर श्री डाड ने डोसी गांव पहुंच कर पीएम आवास निरीक्षण किए गए अन्य तैयारियों को देखा इसके अलावा पलसोड़ा भी पहुंचे रतलाम में डॉ० अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड एवं कालिका माता परिसर भी पहुंचे इस दौरान उनके द्वारा सभा स्थल एवं भ्रमण मार्ग का जायजा लिया गया अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा भी तय की गई। उक्त अवसरों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री इन्द्रजीत बाकलवार, श्री सुनील पाटीदार, एस.डी.एम. श्री अभिशे गेहलोत, आर.आई., कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, श्री सत्यप्रकाष आचार्य, उपयंत्री सर्वश्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेष पाटीदार, विकास मरकाम, ब्रजेष कुषवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर आदि उपस्थित थे।



1-7-2021

## ना ना करें... सुरक्षित है वैक्सीन – स्वास्थ्य कर्मचारी बोले – हमें पता ही नहीं चला कि टीका लगा

### किसी को डरने की जरूरत नहीं




मुझे टीका लग गया। बहुत ही अच्छा महसूस हो रहा था। किसी प्रकार की कोइ तकलीफ नहीं हो रही थी। किसी को टीके से डरने की जरूरत नहीं है। यह पूरी तरह सुरक्षित है।
**नवीन नागर**, लेखापाल, सीएमएचओ कार्यालय

### कुछ भी तकलीफ नहीं हुई



मुझे आज टीका लगाया गया है। टीका लगाने के बाद कुछ भी तकलीफ नहीं हुई है। यहां पर टीकाकरण के इंतजाम भी अच्छे हैं। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है।
**जयसिंह चौहान**, वाहन चालक, जिला अस्पताल

### सावधानी रखने को कहा है



टीका लगने के बाद कुछ भी महसूस नहीं हुआ है। वैक्सीन लगी है, अच्छा लग रहा है। यह सुरक्षित है। अभी सावधानी रखने को कहा है।
**वीरेंद्र तंवर**, वार्ड बॉय, एमसीएच में पहला टीका

# ख़ुशियों का टीका

**281** दिन का कोरोना काल गुजरा

**79** लोगों ने महामारी से गंवाई जान

**97** फ्रंटलाइन वर्करों को लगाया टीका

### ...त... गंभीर लक्षण ...में नहीं दिखा

...स्कर संवाददाता | रतलाम

...में शनिवार को मेडिकल ... और बाल चिकित्सालय में ...वास्थ्य कर्मियों को कोरोना ... लगाई गई। पहले दिन ...रण का आधा लक्ष्य ही पूरा ...। ऑनलाइन पोर्टल से मैसेज ... जनरेट होने के चलते यह ...बनी। शाम 4 बजे तक चलने ...वैक्सीनेशन 6 बजे तक चला। ...असल, स्वास्थ्य कर्मचारियों ...सेज के आधार पर ही टीकाकरण ...पर आना था लेकिन शुक्रवार ... तक मैसेज जारी हुए। इधर ...गी रेग्युलर ड्यूटी में भी थे, ...टाइम मैनेजमेंट नहीं हो पाने ...असर दिखा। शाम तक मेडिकल ...ज में 54 व बाल चिकित्सालय ... लोग ही वैक्सीन लगवाने के ...पहुंचे। जबकि, एक दिन में एक ...पर 100 लोग यानी दोनों केंद्रों ...00 लोगों को टीके लगाए जाने ...अभी मेडिकल कॉलेज में 220 ...हैं। इसमें से 50 बेड आईसीयू ... 65 मरीजों का इलाज हो रहा ...नमें से 28 आईसीयू में हैं।

## सबक... साधना होगा टाइम मैनेजमेंट



जिले में टीकाकरण का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज में शहर विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, जिपं प्रधान परमेश मईडा की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान राजेंद्रसिंह लुनेरा, पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. शशि गांधी, डॉ. जितेंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे।

### कर्मचारियों को फोन लगाए पर नहीं उठाए

इधर, कुछ कर्मचारी वैक्सीनेशन से बचते हुए भी दिखे। संख्या कम होने पर फोन लगाकर बुलवाने का प्रयास किया गया। लेकिन, कर्मचारियों ने फोन ही नहीं उठाए। विभाग के ही कर्मचारियों के मुताबिक कुछ कर्मचारी रतलाम ऑफिस वर्क होने के बावजूद टीकाकरण के लिए नहीं पहुंचे।


### 15 बोले – शहर से बाहर हैं, 7 ने कहा बीमार हैं

जो लोग वैक्सीन लगवाने नहीं आए उन्हें फोन भी लगाया गया। 12 लोगों के फोन ही नहीं लगे। वहीं 15 लोगों ने शहर से बाहर होने की बात कही। एक महिला गर्भवती थी इसलिए टीका नहीं लगा। 7 लोगों ने खुद के बीमार होने की बात कही। डीन डॉ. शशि गांधी ने बताया कि जो लोग बचे है उन्हें मॉपअप राउंड में वैक्सीन लगेगी।

## तसल्ली... दिसंबर से 58% कम मामले

जनवरी के 16 दिनों में अब तक दिसंबर के मुकाबले 58 प्रतिशत कम मामले आए हैं। रिकवरी रेट भी 95 प्रतिशत से ज्यादा चल रहा है। जो अप्रैल के बाद सबसे ज्यादा है। जनवरी के महीने के 16 दिनों में अब तक 178 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। जबकि, दिसंबर के महीने में शुरुआती 16 दिनों में 429 पॉजिटिव मिल गए थे। इसका कारण जांच की प्रक्रिया का धीमा होना भी है। किट की कमी के कारण पांच दिन जांच बंद रही थी। सिर्फ रैपिड एंटीजन टेस्ट किट से एक या दो पॉजिटिव ही निकल रहे थे।
**दो नए पॉजिटिव निकले :** जिले में शनिवार को पीएंडटी कॉलोनी के 84 वर्षीय बुजुर्ग व रत्नपुरी की 69 वर्षीय महिला संक्रमित मिली।

**मार्च व अप्रैल में रहा था ऐसा रेट :** रिकवरी रेट भी 95 प्रतिशत के ऊपर पहुंच गया है। ऐसा रेट अप्रैल के महीने में रहा था। दिसंबर के मध्य से रिकवरी रेट बढ़ने लगा था। जो अब 95 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।




### टीका लगवाने के बाद ड्यूटी कर सकते हैं

टीकाकरण के लिए कुछ लोग नहीं पहुंचे हैं। इसका कारण बताना अभी जल्दबाजी हो जाएगी। टीकाकरण कम क्यों हुआ है, इसकी समीक्षा करेंगे। टीका लगवाने के बाद ड्यूटी भी कर सकते हैं। हमने खुद ने दिनभर ड्यूटी की है।
**डॉ. प्रभाकर ननावरे**, सीएमएचओ-रतलाम

# शहर को स्वच्छ बनाने में बढ्ने लगी नागरिकों का साझेदारी

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर पालिक निगम द्वारा किए जा रहे प्रयास अब सकारात्मक आंदोलन का रुप लेने लगे है। राजनीतिक नेतृत्व, , साझेदारी और लोगों की भागीदारी शहर को स्वच्छ बनाने के मंत्र बनते जा रहे है। शहर में जगह–जगह चल रहे विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों के तहत लोग संकल्प लेने लगे है कि वो ना तो खुद कचरा इधर–उधर फैकेगे और ना ही दूसरों को कचरा फैंकने देगे। शुक्रवार को गांधीनगर क्षेत्र के लोगो ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सफाई मित्र समूह द्वारा तैयार की गई रांगोलियों को भी सराह गया।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ़और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान शुक्रवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है. ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाइज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।



# शहर स्वच्छ बनाने में बढ़ने लगी नागरिकों का साझेदारी



रतलाम. स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयास अब सकारात्मक आंदोलन का रुप लेने लगे है। शहर में जगह-जगह चल रहे विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों के तहत लोग संकल्प लेने लगे है कि वो ना तो खुद कचरा इधर-उधर फैकेंगे और ना ही दूसरों को कचरा फैंकने देंगे। इसके अंतर्गत गांधीनगर क्षेत्र के लोगो ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सफाई मित्र समूह द्वारा तैयार की गई रांगोलियों को भी सराह गया। अब तक शहर में 100 से अधिक कचरा स्थल को समाप्त किया गया है व वहां पर रांगोली बनाकर व दीपदान करवाकर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

## प्राचीन संस्कृति को अपनाएं

संध्याकाल में दीपदान का महत्व है। प्रत्येक शहरवासी इस प्राचिन संस्कृति को अपनाएं व अपने अपने घर के बाहर दीपदान करें। इससे सड़क पर कचरा डालने वाले स्वत: रुक जाएंगे। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम